राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'चैती छठ' के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 28 मार्च 2020

बिहार के महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने 'चैती छठ' के सुअवसर पर बिहारवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल श्री चौहान ने कहा है कि सूर्य की पूजा–आराधना से जुड़ा 'चैती छठ पर्व' बिहारवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और आनन्द लाये, सूर्य देवता से यही अभ्यर्थना है। उन्होंने कहा है कि इस व्रत से हमें आत्मसंयम, पवित्रता और भक्ति की अनुपम प्रेरणा मिलती है।

राज्यपाल ने कहा है कि राज्य में 'कोरोना वायरस' के संक्रमण से बचाव के लिए 'सोशल डिस्टेन्सिंग' सहित अन्य सभी मार्ग–निर्देशों पर भी पूरी तरह अमल होना चाहिए।

....